08/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आन्ध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आज वर्चुअल माध्यम से दो लाख करोड रूपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विशाखापट्टनम में आन्ध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आन्ध्र प्रदेश के लिए बहुत बडा दिन है, क्योंकि राज्य में हरित ऊर्जा और बुनियादी सुविधाओं वाली विकास परियोजनाओं की शुरूआत की गई है। उन्होंने विशाखापट्टनम में दक्षिण तटीय रेलवे जोन के मुख्यालय का भी शिलान्यास किया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने कल ईटानगर के डीके कन्वेंशन सेंटर के ओपन एम्फीथिएटर में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेने वाले अरुणाचल प्रदेश राज्य के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित ‘विजन भारत @2047’ के विजन पर जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि देश के युवा इस परिवर्तन के पीछे प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने उनकी भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि छात्रों ने राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया से गुजरा है

और उनका प्रतिनिधित्व व्यक्तियों और पूरे अरुणाचल दोनों के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 अगले 11 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान होने वाला है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, प्राथमिक शिक्षा में एडजस्टेड नेट एनरोलमेंट दर 100 प्रतिशत तक पहुँच गई है साथ ही माध्यमिक स्तर पर औसत वार्षिक स्कूल छोड़ने की दर में भी काफी कमी आई है। **'बिल्डिंग ऐज़ लर्निंग ऐड'** जैसे कार्यक्रमों और नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना ने यह सुनिश्चित किया है कि आधुनिक शैक्षिक सुविधाएँ हर बच्चे के लिए सुलभ हों, जिससे सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।

00000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग - आईएमडी ने अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पाक्के केसांग, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले में यलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली कड़कने के साथ बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

तवांग जिले के जेमीथांग स्थित गोरसाम छोर्तेन में गत मंगलवार को तिहत्तर फीट ऊंचा हाई मास्ट राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जेमीथांग भारत तिब्बत सीमा की ओर पहला प्रशासनिक केंद्र है। इस समारोह का आयोजन भारतीय सेना, नागरिक प्रशासन और छोर्तेन के मंक्स द्‌वारा संयुक्त रूप से किया गया। ध्वज फहराने का कार्य तेजपुर स्थित गजराज कोर द्‌वारा शुरू किया गया और भारतीय सेना के बॉल ऑफ फायर डिवीजन द्‌वारा निष्पादित किया गया हैं, जो सीमा क्षेत्र विकास के प्रति समग्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अनुसरण करता है। यह तवांग सेक्टर में फहराया गया दूसरा हाई मास्ट ध्वज है, इससे पहले बुमला में भी ध्वज फहराया गया था।0000000000000

राज्य के कृषि एवं बागवानी मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने आज मुख्यमंत्री को "हार्वेस्ट ऑफ द मंथ" प्रस्तुत करने के लिए प्रगतिशील किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। सितंबर 2024 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य सिजनल क्रॉप्स को प्रदर्शित करना, किसानों को प्रोत्साहित करना और राज्य में बागवानी को बढ़ावा देना है। "हार्वेस्ट ऑफ द मंथ" कार्यक्रम प्रगतिशील किसानों को मुख्यमंत्री के सामने अपनी उपज प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, साथ ही फसल से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों को भी प्रस्तुत करता है। इस महीने, विभिन्न जिलों के किसानों ने संतरे, कीवी, परसीमन, अखरोट और बड़ी इलायची का प्रदर्शन किया।

000000000000000000

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन का विशेष गीत लॉन्च किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ भी उपस्थित थे। महाकुंभ 2025 आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज नई दिल्ली में हुई। विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान एक सौ उनतीसवां संशोधन विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 नाम दिया गया है। मीडिया से बात करते हुए समिति के अध्यक्ष, भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि समिति सभी हितधारकों की बात सुनने का प्रयास करेगी, चाहे वे कानूनी विशेषज्ञ हों, न्यायपालिका से नागरिक समाज के सदस्य हों या राजनीतिक दल हों।

0000000000000000000000000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता के दौरान दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण, नियमित सैन्य अभ्यास और रक्षा परियोजनाओं सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि वार्ता फलदायी रही और इससे भारत-मालदीव संबंधों में नई ऊर्जा आएगी।

0000000000000000000000